राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्व० पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 14 नवम्बर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व० पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी इस अवसर पर स्व० पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस कार्यक्रम में राज्य के माननीय उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक सहित कई जन–प्रतिनिधिगण, विभिन्न राजनीतिक–सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य जन आदि ने भी स्व० पं० नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन–कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

....